भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1179
दिनांक 09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नए चिकित्सा महाविद्यालयों को स्थापित करने के मानदण्ड

1179. श्रीमती केशरी देवी पटेल:
श्री सुनील कुमार सिंह:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के मानदंड क्या हैं;
(ख) क्या सरकार का एमबीबीएस में प्रवेश हेतु न्यूनतम अंकों के मानदण्ड में छूट देने का कोई विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार की बंद पड़े चिकित्सा महाविद्यालयों को पुनः शुरू करने की कोई योजना है;
(घ) क्या सरकार ने देश के प्रत्येक तीन जिलों पर अथवा तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए एक चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रत्येक तीन जिलों के लिए एक चिकित्सा महाविद्यालय के फार्मूले के अनुसार झारखंड सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार कितने चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना किए जाने की आवश्यकता है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के अनुसार, देश में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना दिनांक 16.8.2023 के ''नए मेडिकल पाठ्यक्रमों की स्थापना, नए मेडिकल पाठ्यक्रम शुरू करने, वर्तमान पाठ्यक्रमों के लिए सीटों में वृद्धि और आकलन और रेटिंग विनियम 2023 के तहत स्नातक पूर्व पाठ्यक्रमों के लिए दिशा निर्देशों के अनुसार की जाती है।
इसके अलावा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता देते हुए, जहां पहले से कोई सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज मौजूद नहीं है पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में निधि का बंटवारा करते हुए एक केंद्रीय प्रायोजित योजना (सीएसएस) ''मौजूदा जिलों/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना'' का संचालन करता है। इस योजना के अंतर्गत झारखंड राज्य में 5 मेडिकल कॉलेजों सहित सभी परिकल्पित 157 मेडिकल कॉलेजों को 3 चरणों में अनुमोदित किया जा चुका है। इस योजना के अंतर्गत अनुमोदित मेडिकल कॉलेजों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा अनुलग्नक में है।
इसके अतिरिक्त, नए एम्स की स्थापना के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत झारखंड के देवघर जिले में एक एम्स सहित 22 एम्स को अनुमोदित किया जा चुका है।

अनुलग्नक-I

मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए केन्द्रीय प्रायोजित योजना के तहत अनुमोदित 157 मेडिकल कॉलेजों का राज्य-वार ब्यौरा:-

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कॉलेजों की संख्या	जिला
		चरण-I (58)	
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	पोर्ट ब्लेयर
2	अरुणाचल प्रदेश	1	नाहरलगुन
3	असम	4	धुबरी, नागांव, उत्तर लखीमपुर, दीफू
4	बिहार	3	पूर्णिया, सारण (छपरा), समस्तीपुर
5	छत्तीसगढ़	2	राजनांदगांव, सरगुजा
6	हिमाचल प्रदेश	3	चंबा, हमीरपुर, नाहन (सिरमौर)
7	हरियाणा	1	भिवानी
8	झारखंड	3	दुमका, हजारीबाग, पलामू (डाल्टनगंज)
9	जम्मू और कश्मीर	5	अनंतनाग, बारामूला, राजौरी, डोडा, कठुआ
10	मध्य प्रदेश	7	दतिया, खंडवा, रतलाम, शहडोल, विदिशा, छिंदवाड़ा, शिवपुरी
11	महाराष्ट्र	1	गोंदिया
12	मेघालय	1	वेस्ट गारो हिल्स (तुरा)
13	मिजोरम	1	फल्कावन
14	नागालैंड	1	नागा अस्पताल (कोहिमा)
15	ओडिशा	5	बालासोर, बारीपदा (मयूरभंज), बोलांगीर, कोरापुट, पुरी
16	पंजाब	1	एसएएस नगर
17	राजस्थान	7	बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, चूरू, डूंगरपुर, पाली, सीकर
18	उत्तर प्रदेश	5	बस्ती, फैजाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, बहराइच
19	उत्तराखंड	1	अल्मोड़ा
20	पश्चिम बंगाल	5	बीरभूम (रामपुर हाट), कूच बिहार, डायमंड हार्बर, पुरुलिया, रायगंज (उत्तरी दिनाजपुर)
		चरण –II (24)	
1	बिहार	5	सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई
2	झारखंड	2	कोडरमा, चाईबासा (सिंहभूम)
3	मध्य प्रदेश	1	सतना

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कॉलेजों की संख्या	जिला
4	ओडिशा	1	जाजपुर
5	राजस्थान	1	धौलपुर
6	उत्तर प्रदेश	8	एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर (डुमरियागंज), देवरिया, गाजीपुर, मिर्जापुर
7	पश्चिम बंगाल	5	बारासात, उलुबेरिया, आरामबाग, झारग्राम, तामलुक
8	सिक्किम	1	गंगटोक
चरण-III (75)			
1	आंध्र प्रदेश	3	पिदुगुराल्ला, पडेरू, मछलीपट्टनम
2	असम	1	कोकराझार
3	छत्तीसगढ़	3	कोरबा, महासमुंद, कांकेर
4	गुजरात	5	नर्मदा, नवसारी, पंचमहल, पोरबंदर, मोरबी
5	जम्मू और कश्मीर	2	उधमपुर, हंदवाड़ा (जिला कुपवाड़ा)
6	कर्नाटक	4	चिक्कमगलुरु, हावेरी, यादगिरी, चिक्काबल्लापुरा
7	लद्दाख	1	लेह
8	मध्य प्रदेश	6	राजगढ़, मंडला, नीमच, मंदसौर, श्योपुर, सिंगरौली
9	महाराष्ट्र	1	नंदुरबार
10	मणिपुर	1	चुराचांदपुर
11	नागालैंड	1	मोन
12	ओडिशा	1	कालाहांडी
13	पंजाब	2	कपूरथला, होशियारपुर
14	राजस्थान	15	अलवर, बारां, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, करौली, नागौर, श्री गंगानगर, सिरोही, बूंदी, सवाई माधोपुर, टोंक, हनुमानगढ़, झुंझुनू, दौसा
15	उत्तराखंड	3	रुद्रपुर (जिला ऊधम सिंह नगर), पिथौरागढ़, हरिद्वार
16	उत्तर प्रदेश	14	बिजनौर, कुशीनगर, सुल्तानपुर, गोंडा, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, चंदौली, बुलंदशहर, सोनभद्र, पीलीभीत, औरैया, कानपुर देहात, कौशांबी, अमेठी
17	तमिलनाडु	11	तिरुप्पुर, नीलगिरी, रामनाथपुरम, नमक्कल, डिंडीगुल, विरुधुनगर, कृष्णागिरी, तिरुवल्लूर, नागपट्टिनम, अरियालुर, कल्लाकुरिची
18	पश्चिम बंगाल	1	जलपाईगुड़ी

****